पेज थ्री देहरादून
देहरादून, मंगलवार 3 दिसंबर, 2019


केंद्र सरकार का पुतला फूंकते शिवसैनिक।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### ले.ज. ओपी कौशिक के निधन पर दुख व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने ले.ज.(से.नि.) ओ.पी. कौशिक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने उनकी आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ले.ज. कौशिक का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव रहा है। देश की सुरक्षा तथा सामरिक मामलों के विशेषज्ञ होने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### डोईवाला में तहसील दिवस 3 दिसंबर को

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में 03 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे तहसील डोईवाला में तहसील दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने आम जनमानस समस्याओं का मौके पर निस्तारण करने करने के उद्देश्य से सभी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों को तहसील दिवस पर पूर्ण तैयारी एंव अभिलेखों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं, ताकि आम जनमानस की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया सके। उन्होंने आम जनमानस से अधिक संख्या तहसील दिवस में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### शिवसेना ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**संवाददाता** देहरादून। केंद्र सरकार ने हाल ही में टीएचडीसी को निजी हाथों में सौंपने की बात कही है। जिसका शिव सेना ने विरोध किया है। शिव सेना महानगर इकाई ने केंद्र सरकार के इस कदम का तीव्र विरोध करते हुए देहरादून के लैंसडाउन चौक में सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर शिव सेना का कहना था कि केंद्र सरकार टीएचडीसी सहित सरकारी उपक्रमो को निजी हाथो में सौंप रही है। केंद्र सरकार ने यदि अपना फैसला वापस नही लिया तो शिव सेना चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर देगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी।

### एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून, आजखबर। राष्ट्रीय उद्यमिता एवम लघु व्यवसाय विकास संस्थान के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन बागेश्वर, के ब्लॉक गरूड़ में किया गया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर के प्रवर्तक खादी एवम् ग्रामोद्योग बोर्ड, सूक्ष्म, लघु एवम् मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार है। उन्होंने संस्थान द्वारा आयोजित कार्यशाला मे युवाओं को प्रेरित कर उन्हे सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न याजनाओ की जानकारी से अवगत कराया।

# 2021 में भव्य महाकुंभ का किया जायेगा आयोजन

**कार्यक्रम**

3 करोड़ 80 लाख रूपये की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

सीएम ने 10 कूड़ा निस्तारण वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत सोमवार को श्री भरत मन्दिर इण्टर कॉलेज, ऋषिकेश में नगर निगम ऋषिकेश के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नगर निगम ऋषिकेश के अन्तर्गत लगभग 3 करोड़ 80 लाख रूपये की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने खाण्ड गांव बाईपास रोड एवं कृष्णा नगर कालोनी को नगर निगम ऋषिकेश में शामिल किये जाने, भरत मन्दिर इण्टर कॉलेज को फर्नीचर के लिए 10 लाख रूपये प्रदान करने। ऋषिकेश में लोक निर्माण विभाग के भवन का पुनरूद्धार कर एक अतिथि गृह बनाये जाने



की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नगर निगम ऋषिकेश के लिए 10 कूड़ा निस्तारण वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया एवं नगर निगम की विकास पुस्तिका 'संकल्प से शिखर की ओर' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश नगर निगम में पिछले एक साल में विकास के अनेक कार्य हुए। 2021 में हरिद्वार में भव्य महाकुंभ का आयोजन किया जायेगा। इस महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आयेंगे। इस दृष्टि से हमें सुनियोजित तरीके व तेजी से कार्य करने होंगे। ऋषिकेश में जो सीवरेज ओर पाईपलाईन का कार्य चल रहा है, उनमें और तेजी लाने के निर्देश उन्होंने दिये। विश्व में देवभूमि के रूप में उत्तराखण्ड की पहचान है। सरकार का प्रयास है कि धार्मिक स्थलों का नियोजित विकास हो। उत्तराखण्ड चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। इस वर्ष 36 लाख 50 हजार से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आये। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को सुविधायुक्त तथा सुरक्षित कराना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक स्थलों के सुनियोजित विकास के लिए चारधाम श्राइन बोर्ड का गठन किया जा रहा है।

मेयर ऋषिकेश श्रीमती अनीता मंमगई ने कहा कि पिछले एक साल में नगर निगम ऋषिकेश के विकास के लिए हर संभव प्रयास किये गये हैं। स्वच्छता, पथ प्रकाश, सीवरेज, पेयजल एवं निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### स्वीडन के राजा व रानी 5 व 6 दिसंबर को उत्तराखंड दौरे पर

**संवाददाता** देहरादून। स्वीडन के किंग कार्ल 16 गुस्ताफ तथा क्वीन सिल्वा आगामी 5 व 6 दिसम्बर को उत्तराखण्ड के भ्रमण पर रहेंगे। इस सम्बन्ध में विदेश मंत्रालय के प्रोटोकोल प्रभाग के उप मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी द्वारा मुख्य सचिव के साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित कार्यक्रम के अनुसार स्वीडन के किंग व क्वीन सिल्वा 5 दिसम्बर को मुम्बई से स्पेशल स्वीडिस फ्लाइट से पूर्वाहन 10 बजे जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट पहुँचेंगे। पूर्वाहन 10:45 पर ऋषिकेश में रामझूला पुल, स्नान घाट तथा गीता मंदिर का भ्रमण करने के पश्चात् स्वीडन के किंग व क्वीन अपराह्न 12:30 बजे सराय सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट हरिद्वार के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात् जिम कार्बेट पार्क के ढेला एवं पनियाली फारेस्ट गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। तत्पश्चात् रात्री 8:30 बजे जिम जंगल रिट्रीट में पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता वनीकरण एवं पुनर्वास से सम्बन्धित प्रस्तुतीकरण का अवलोकन करेंगे। 6 दिसम्बर को स्वीडिस किंग वन्यजीव विशेषज्ञों के साथ जिम कार्बेट नेशनल पार्क में प्रातः भ्रमण के पश्चात, पूर्वाहन 9:30 बजे वन गूजर, सेटलमेंट से सम्बन्धित प्रक्रियाओं से अवगत होंगे। तत्पश्चात् अपराह्न 2:30 पंतनगर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे।

### विस सत्र के दौरान लागू 300 मीटर की परिधि में लागू रहेगी धारा 144

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर ने अवगत कराया है कि विधानसभा का सत्र 4 दिसम्बर से प्रारम्भ हो रहा है। वर्तमान समय में जनपद में विभिन्न संगठनों तथा समुदायों द्वारा प्रदर्शन, धरना, अनशन एवं अन्य प्रकार की गतिविधियों के कारण शान्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल रूप से प्रभावित होने की सम्भावना के चलते जनपद में विधानसभा परिसर के चारों ओर 300 मीटर की परिधि में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु दण्ड प्रकिया संहिता की धारा 144 तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश पारित किये गये है। उक्त आदेश 04 दिसम्बर 2019 से विधानसभा सत्र की समाप्ति तक प्रभावी रहेंगे। आदेशों का उल्लंघन भादस की धारा 188 के अधीन दण्डनीय अपराध होगा।

# राज्यपाल ने ग्रीन रैबिट मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया

**लॉन्च**

■ उत्तराखंड का पहला इको–फ्रेंडली ट्रांसपोर्टेशन मोबाइल एप्लीकेशन

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड के राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने आज गवर्नर हाउस में उत्तराखंड का पहला इको–फ्रेंडली परिवहन मोबाइल एप्लीकेशन ग्रीन रैबिट लॉन्च किया। जिसमें 100 से अधिक लोग उपस्थित थे। यह मोबाइल एप्लिकेशन मुफ्त डाउनलोड के लिए गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। यह यूजरफ्रेंडली



ग्रीन रैबिट मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च करते राज्यपाल।

मोबाइल एप्प गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते है। यह मोबाइल एप्प जल्द ही आई ओ एस प्लेटफार्म पर बहुत जल्दी उपलब्ध होगा।

इस मोबाइल एप्लिकेशन का उद्देश्य किफायती मूल्य पर शहर के भीतर जनता के लिए आवागमन आसान बनाना है। इस एप्प के जरिये कोई भी व्यक्ति ई–रिक्शा ई–बाइक टैक्सी टैक्सी या ऑटो रिक्शा को बुक करवा सकता है तथा अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच सकता है। इस एप्प में महिला यात्रियों के लिए एक विशेष सुविधा है "पिंक रैबिट" जहां महिला यात्री महिला ड्राइवरों के साथ सवारी बुक करवा सकती हैं। इस सुविधा का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है ताकि उन्हें अधिक रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकें। ग्रीन रैबिट एप्प के लॉच के अवसर पर राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने कहा ग्रीन रैबिट की शुरूआत के साथ उत्तराखंड के लोग अब प्रदूषण को कम करने के लिए और किफायती मूल्य पर कहीं भी यात्रा कर सकते हैं। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि इस मोबाइल एप्लिकेशन को जनता द्वारा बहुत पसंद किया जायेगा। इस अवसर पर ग्रीन रैबिट के अध्यक्ष डॉ. आलोक ड्रोलिया ने कहा मुझे बहुत खुशी है कि ग्रीन रैबिट का आधिकारिक लॉन्च हमारे माननीय राज्यपाल द्वारा किया गया है। इस लॉन्च के साथ हमसाफ सुथरे और हरेभरे वाले वातावरण की ओर एक कदम करीब हैं।

### हिंदी नाट्ट प्रस्तुति

**संवाददाता** देहरादून। ओलंपस हाई के प्री–प्राइमरी सेक्शन ने आज स्कूल परिसर में हिंदी नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।